झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001
प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

विज्ञापन संख्या–04/2018 की कंडिका–6(iv) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के लिए साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों की संख्या सुनिश्चित करने हेतु आयोग द्वारा लिए निर्णय (प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–10.11.2022 द्वारा संसूचित) के आलोक में **History, Nagpuri** एवं **Panchpargania** विषयों के कोटिवार रिक्ति के **05 गुणे** अभ्यर्थियों का औपबंधिक रूप से आंवटित प्राप्तांक **दिनांक–17.05.2023** से उपलब्ध रहेगा।

2. जिन अभ्यर्थियों का औपबंधिक प्राप्तांक प्रकाशित किया जायेगा, वो अपना जन्मतिथि एवं निबंधन संख्या दर्ज कर अपना प्राप्तांक देख सकते है। यदि किसी अभ्यर्थी को ऐसा लगे कि उसे प्रकाशित अंक से अधिक अंक प्राप्त होना चाहिए तो वह अपना दावा संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ आयोग की वेबसाईट पर प्रकाशित निर्देश के आलोक में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक सूचना भरकर केवल email के माध्यम से **email id-ap42018@jpsc.gov.in** पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अन्य अभ्यर्थी जिन्होंने अपने आवेदन पत्र में विज्ञापन की कंडिका–6(ii) के लिए प्रकाशित Cut Off Marks से अधिक या बराबर अंक का दावा किया है परन्तु उनका अंक प्रकाशित नहीं किया है, वे भी अपने आपत्ति email **id-ap42018@jpsc.gov.in** पर समर्पित कर सकते हैं। **History, Nagpuri** एवं **Panchpargania** विषयों हेतु उपर्युक्त आपत्ति करने की अंतिम तिथि **दिनांक–24.05.2023** है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति संबंधी email पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के क्रम में अग्रतर कार्रवाई की सूचना बाद में उपलब्ध कराया जाएगा।

ह0/–
संयुक्त सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।